# प्रमाण–पत्र

सहायक अभियन्ता/अवर अभियन्ता द्वारा किये गये स्थलीय निरीक्षण के उपरांत दी गयी आख्यानुसार **Stella Maris Convent sec. School, Narayanpur, Sultanpur (U.P.)** का भवन सामान्यतः नेशनल बिल्डिंग कोड–2005 के सुरक्षा मानकों का अनुपालन कर रहा है। इस भवन का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग के मार्ग निर्देशन में न किये जाने के कारण भवन के स्ट्रक्चरल सेफ्टी की जिम्मेदारी कालेज प्रबंधन/Er. Omkar Verma, Chartered Engineer, 8/14 Sec.-8, Indira Nagar, Lucknow, U.P. 206016 का होगी।

(धर्मेन्द्र कुमार अहिरवार)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
सुलतानपुर
22/02/2024

Sr. Roseline
**PRINCIPAL**
Stella Maris Convent Sec. School
Narayanpur, Sultanpur-228161 (U.P.)

प्रेषक,

अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत सुलतानपुर।

सेवा में,

मुख्य विकास अधिकारी,
सुलतानपुर।

संख्याः– 1495 /जि0पं0कार्या0/2020–21 दिनांकः 25/3/2021

महोदय,

कृपया आपके निर्देश के क्रम में प्रबन्धक/प्रधानाचार्य, स्टेला मॉरिश कान्वेन्ट सेकेण्डरी स्कूल, नरायनपुर सुलतानपुर के प्रार्थना पत्र के अनुसार पत्राचार कर स्कूल भवन के सम्बन्ध में जिला पंचायत सुलतानपुर की भवन मानिचत्र उपविधि के प्रावधानों के अनुरूप आवश्यक अभिलेख प्राप्त कर क्षेत्रीय अवर अभियन्ता के निरीक्षण एवं अभियन्ता, जिला पंचायत सुलतानपुर के अनुमोदनोंपरान्त प्रश्नगत भवन को नेशनल बिल्डिंग कोड के मानकों के अनुरूप पाते हुए इस कार्यालय के पत्र संख्या–1492/जि0पं0सु0/मा0 अनु0/2020–21 दिनांक–22.03.2021 द्वारा नेशनल बिल्डिंग कोड के स्ट्रक्चरल प्रावधानों का अनुपालन करने के प्रतिबंध के साथ अनुज्ञा पत्र/स्वीकृति पत्र जारी की गयी है, जिसकी प्रति महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित की गयी है। तद्नुसार अवगत होने की कृपा करें।

भवदीय,

25/3/21

(उदय शंकर सिंह)
अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत सुलतानपुर।

पृष्ठांकन सं0:– /जि0पं0कार्या0/2020–21 तद्दिनांक–

प्रतिलिपिः–प्रबन्धक/प्रधानाचार्य, स्टेला मॉरिश कान्वेन्ट सेकेण्डरी स्कूल, नरायनपुर सुलतानपुर को सूचनार्थ।

अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत सुलतानपुर।

Sr. Roseline
PRINCIPAL
Stella Maris Convent Sec. School
Narayanpur, Sultanpur-228161 (U.P.)

# कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, सुलतानपुर

email- cdo1sultanpur@gmail.com Phone No. 05362-241330

संख्या 155 /एसटी–मुविअ/03/2020–21 दिनांक 25 मार्च, 2021

जिला बेसिक शिक्षाधिकारी,
सुलतानपुर।

प्रबन्धक/प्रधानाचार्य स्टेला मॉरिश कान्वेन्ट सेकेण्डरी स्कूल, नरायनपुर, सुलतानपुर के आवेदन पत्र दिनांक 04–03–2021 को शासनादेश संख्या– 89/अरसठ–3–2018–2041/2018 दिनांक 11–01–2019 के क्रम में नेशनल बिल्डिंग कोड प्रमाण पत्र हेतु अधिशाषी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, अधिशाषी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, अधिशाषी अभियन्ता, सिचाई खण्ड तथा अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, सुलतानपुर से निरीक्षण/सत्यापन कराया गया। उक्त आख्याओं की मूल प्रति अग्रेतर कार्यवाही हेतु संलग्न है।

संलग्नक– यथोपरि।

( अतुल वत्स )
मुख्य विकास अधिकारी
सुलतानपुर।

Sr. Roseline
**PRINCIPAL**
Stella Maris Convent Sec. School
Narayanpur, Sultanpur-228161 (U.P.)

प्रेषक,

अधिशाषी अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड–सुलतानपुर ।

सेवा में,

मुख्य विकास अधिकारी,
सुलतानपुर ।

पत्रांक 2471 / ग्रा0अ0वि0 / एसटी / पत्रा0सं0 07–1 / 2020–21 दिनांक 9-3-2021

महोदय,

कृपया अपने कार्यालय के पत्रांक 104 / एसटी–मुविअ0 / 03 / 2020–21 दिनांक 05.03.2021का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा स्टेला मेरिस कान्वेन्ट सेकेण्डरी स्कूल नरायनपुर, सुलतानपुर के विद्यालय भवन को नेशनल बिल्डिंग कोड के मानकों के अनुरूप प्रमाण पत्र दिये जाने के सम्बन्ध में सहायक अभियन्ता से स्थलीय निरीक्षण / सत्यापन कराकर आख्या उपलब्ध कराये जाने हेतु लिखा गया है।

इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उक्त पत्र के कम में श्री प्रभात नारायण तिवारी, सहायक अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–सुलतानपुर को उक्त विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण / सत्यापन कर आख्या उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिया गया था, जिसके कम में सहायक अभियन्ता ने अपने पत्रांक 244 दिनांक 05.03.2021द्वारा अवगत कराया है कि भवन का निर्माण कार्य सामान्यतः निर्माण नेशनल बिल्डिंग कोड–2005 के सुरक्षा मानको के अनुरूप कराया गया है। इस भवन का निर्माण कार्य ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के मार्ग निर्देशन में न किये जाने के कारण भवन के स्ट्रक्चरल सेफ्टी की जिम्मेदारी जिसके देखरेख में बन रहा है इंजीनियर एवं कालेज प्रबन्धन की होगी

अतः उपरोक्त आख्या आपकी सेवा में सूचनार्थ प्रेषित है।

भवदीय,

(आर0पी0राम),
अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड–सुलतानपुर।

ST

1774
12/3/21

Sr. Roseline
PRINCIPAL
Stella Maris Convent Sec. School
Narayanpur, Sultanpur-228161 (U.P.)

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
# प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, सुलतानपुर

Email id – pwd.sultanpur@gmail.com Phone No. – 05362-240227


पत्रॉकः– 651 /1 काम/एन.बी.सी./2020–21 दिनॉकः–24,फरवरी,2021

सेवा में,

**Principal,**
**Stella Maris Convent sec. School,**
**Narayanpur, Sultanpur 228161 (U.P.)**

विषयः– नेशनल बिल्डिंग कोड–2005 का प्रमाण पत्र निर्गत करने के सम्बंध में।

सन्दर्भः– आपका पत्रांक **SMC/1/2021** दिनांक 19.02.2021

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र द्वारा आपने **Stella Maris Convent sec. School, Narayanpur, Sultanpur** का नेशनल बिल्डिंग कोड प्रमाण–पत्र उपलब्ध कराने जाने की अपेक्षा की हैं, जिसके क्रम में विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण खण्ड के सहायक अभियन्ता/अवर अभियन्ता द्वारा कराया गया। निरीक्षणोपरान्त विद्यालय भवन का वांछित प्रमाण–पत्र 02 प्रतियों में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

**संलग्नक** :– उपरोक्तानुसार।

24/02/21

(धर्मेन्द्र कुमार अहिरवार)
अधिशासी अभियन्ता

पत्रॉकः– /1 काम/एन.बी.सी./2020–21 दिनॉकः– ,फरवरी,2021

प्रतिलिपिः–

1. सहायक अभियन्ता–द्वितीय/श्री राधेश्याम, अवर अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, सुलतानपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
2. अवर अभियन्ता (प्रा0), प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, सुलतानपुर को सूचनार्थ प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,
सुलतानपुर

Sr. Roseline
**PRINCIPAL**
Stella Maris Convent Sec. School
Narayanpur, Sultanpur-228161 (U.P.)